राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, गुरुवार 13 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 65 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### संजीव सिंह के आवेदन पर टली सुनवाई

**धनबाद ।** अपने चचेरे भाई नीरज सिंह की हत्या के आरोप में बीते 8 वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह के आवेदन पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में बुधवार को सुनवाई टल गई. अदालत ने उभय पक्ष को बहस करने का निर्देश दिया है. गौरतलब है कि संजीव सिंह ने आवेदन देकर कांड के सूचक अभिषेक सिंह, एकलव्य सिंह,चश्मदीद निखिलेश सिंह ,अनिल सिंह का 21 मार्च 17 का मोबाइल टावर लोकेशन, सीडीआर ,कंज्यूमर एप्लीकेशन फॉर्म के साथ मोबाइल कंपनी के नोडल अधिकारी को गवाही के लिए बुलाने की गुहार लगाई थी.

### अनुसंधानकर्ता नहीं हुए कोर्ट में हाजिर

**धनबाद ।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह का करीबी माना जाने वाला रंजय सिंह हत्याकांड में बुधवार को भी अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी गवाही के लिए अदालत में हाजिर नहीं हुए. बचाव पक्ष द्वारा उनका प्रति परीक्षण किया जाना था. 31 मई को समयाभाव के कारण उनका प्रति परीक्षण पूरा नहीं हो पाया था. बीते तीन तारीख से अनुसंधानकर्ता हाजिर नहीं हो रहे हैं. अदालत ने अनुसंधानकर्ता को हाजिर होने का आदेश दिया है.रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी.

### घर में मिला नाबालिग छात्रा का शव

**झरिया ।** भौंरा नीचे सात नंबर निवासी सत्यनारायण गोस्वामी की तृतीय पुत्री पायल कुमारी (15) का शव घर में बाथरूम के पास मिला. सत्यनारायण गोस्वामी फेरी का काम करते हैं एवं मां कमली देवी दूसरे के घर में झाड़ू पोंछा का काम करती है. घटना के समय में घर पर कोई भी नहीं था. मां कमली देवी ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं आने पर पीछे से बागान होते हुए दीवार फांदकर घर में घुसी तो देखा पुत्री बाथरूम के पास अचेत अवस्था में पड़ी हुई है. छात्रा भौंरा शिशु मंदिर विद्यालय में पढ़ती थी.

### अंतिम बार गार्ड ने ट्रेन को दिखाई झंडी

**गोमो ।** सेवानिवृति से पहले मेल एक्सप्रेस के ग्रेड वन गार्ड बीबी चौधरी ने बुधवार को आखिरी बार जनशताब्दी एक्सप्रेस में ड्यूटी निभाते हुए ट्रेन की झंडी दिखाई. गोमो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन रुकने पर परिजनों एवं सहकर्मियों एवं ऑल इंडिया एस सी/एस टी एसोसिएशन गोमो शाखा के पदाधिकारियों उन्हें फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया. मौके पर ऑल इंडिया एससी-एसटी एसोसिएशन गोमो शाखा रेल यूनियन के कानूनी सलाहकार बबन राम,विजय कुमार,प्रदेसी राम,होसला प्रसाद,रामजी राम आदि रेल कर्मी मौजूद रहे.

# 20 लाख मांगी थी रंगदारी, नहीं देने पर जेवर दुकान में चली गोली

## फुसरो के ज्ञान ज्वेलर्स में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने की फायरिंग

**खास बातें**


- विरोध में दुकानदारों ने बंद किया बाजार
- पुलिस कार्यशैली पर उठे सवाल

**संवाददाता।बेरमो**

एक तरफ सीएम ने हाइलेबल मीटिंग कर सभी जिले के उपायुक्त व एसपी को विधि व्यवस्था को लेकर लापरवाही नहीं बरतने की ताकीद की है कि वहीं दूसरे ही दिन बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो में बुधवार को दिनदहाड़े एक जेवर दुकानदार पर गोली चलने की वारदात को अंजाम दिया गया है.ये गोली अपराधियों द्वारा बीस लाख रुपये रंगदारी मांगे जाने के बाद अपराधियों ने चलाई है. संयोगवश दुकानदार गोली से बच गए. लेकिन वारदात के बाद फुसरो में दुकानदारों ने विरोध स्वरूप सारी दुकानें बंद कर दी. दुकानदार अपराधियों को दबोचने की मांग कर रहे थे. बाद में जनप्रतिनिधियों ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है. बेरमो विधायक अनूप सिंह ने भी एसपी बोकारो को पत्र देकर अपराधियों को जल्द से जल्द दबोचने के लिए एसआइटी गठन की मांग की है.

### ये है मामला


उमा रानी वर्मा ने 20 मई को बेरमो थाने में मामले की शिकायत की थी. उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि उनके पति ज्ञानेश्वर प्रसाद वर्मा, जो सुभाषनगर वार्ड नंबर पांच में रहते हैं. उनके पति के मोबाइल पर दिन में करीब साढ़े तीन बजे एक धमकी भरा मैसेज आता है. जिसमें लिखा होता है कि हम मेजर बोल रहे हैं , 20 लाख रुपये देना है नहीं तो खोपड़ी खोल देंगे. मोती अलंकार ज्वेलर्सतो बच गया मरने से, लेकिन तुम नहीं बच पाएगा. फिर उसी रात सवा नौ बजे हां या ना का जवाब मांगते हुए मैसेज आया. इस धमकी के बाद पूरा परिवार डर गया और मामले की शिकायत थाने में की गई.



### विधायक अनूप ने एसपी को लिखा पत्र, एसआइटी गठन की मांग

**व्हाट्सएप चैट**

### अरविंद ज्वेलर्स से भी मांगे बीस लाख




बोकारो थर्मल : बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल के डीवीसी सेंट्रल मार्केट के अरविंद ज्वेलर्स को भी मोबाइल पर बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मैसेज आया है. ये मैसेज अरविंद कुमार के पुत्र अमित कुमार के मोबाइल पर बुधवार को दिन के 11 बजे आया है. जिस वक्त ये मैसेज उनके मोबाइल पर आया तब दो पुलिस पदाधिकारी भी दुकान पर ही मौजूद थे. मैसेज में बीस लाख रुपये नहीं देने पर ज्ञान ज्वेलर्स पर हुई गोलीबारी का भी जिक्र किया गया है. इस मामले की भी शिकायत पुलिस से की गई है.

### लगातार आते रहे फोन कॉल्स

मैसेज के बाद भी लगातार फोन कॉल्स आते रहे और फोन पर रुपये नहीं देने पर बुरे परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती रही. पीड़ित परिवार ने थाने के साथ-साथ वरीय पुलिस अधिकारियों को भी इस बारे में शिकातय की, लेकिन बावजूद इन्हें कोई सुरक्षा नहीं मिली और न ही अपराधी पकड़े जा सके. हालांकि शिकायत के बाद पुलिस दुकान पर पहुंची थी, छानबीन भी की गई, आश्वासन दिया गया कि अपराधियों को ट्रैस किया जा रहा है. लेकिन परिणाम नहीं निकला पाया और वारदात हो गई.

### ऐसे हुई घटना

बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो में 10 बजे के आसपास की घटना है. उस वक्त दुकानदार और उनका बेटा दुकान खोलने के लिए गया था. ठीक उसी वक्त बाइक पर सवार होकर दो लोग दुकान के पहुंचे और निशाना साधते हुए गोली चला दी. ये गोली दुकान के शीशे में जा लगी और शीशा टूट गया. वारदात के बाद दोनों बाइक सवार वहां से फरार हो गए. इसके बाद पिता-पुत्र ने शोर मचाया तो लोग जमा हुए और फिर धीरे-धीरे वहां भीड़ हो गई

### धमकी का स्टाइल प्रिंस खान का


रंगदारी के इस मामले में कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के स्टाइल से रंगदारी मांगी गई है. मेजर बोल रहे हैं, खोपड़ी खोल देंगे. लेकिन आवाज में बदलाव है. धमकी दी जाने वाली आडियो में आवाज उक्त मेजर से मेल नहीं खा रही है. इसके अलावा पीड़ित परिवार के साथ बातचीत में मेजर के अलावा एक और शख्स की भी आवाज है, जो परिजनों को गालीगलौज कर रहा है. अभी तक प्रिंस खान के नाम पर जो भी धमकियां दी गई है, उनमें सिर्फ एक व्यक्ति की ही आवाज रहती है. जबकि बेरमो वाले में दो लोग बोल रहे हैं और धमका रहे हैं.



**1 फुसरो के जेवर कारोबारी निशाने पर**

फुसरो में दूसरी बार गोली चलाए जाने की घटना से दुकानदारों सहित स्थानीय लोग में भय का माहौल व्याप्त हो गया है. हालांकि गनीमत रही है कि किसी को नुकसान नहीं हुआ. बताते चलें कि जिस तरह से अज्ञात अपराधियों ने दूसरी बार भी ज्वेलर्स की दुकान की टारगेट किया है. इससे पूर्व 17 मई को मोती अलंकार जवेल्र्स को भी निशाना बनाया गया था. इससे साफ है कि फुसरो में अपराधियों के निशाने पर ज्वेलर्स हैं.

**2 विरोध में दुकानदारों ने की दुकानें बंद**




घटना के बाद फुसरो के दुकानदारों सहित स्थानीय लोग ने सुरक्षा व्यवस्था के सवाल पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए और घटना के विरोध में फुसरो की दुकानों को बंद कर दिया. दुकानदारों का कहना है कि अब अनिश्चितकाल के लिए दुकानें बंद रहेगीं .घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो थाना पुलिस प्रशासन पहुंची और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुट गई.

पेज 4 भी देखें

# सीएम के आदेश की परवाह नहीं करते धनबाद सीओ

## मुख्यमंत्री ने डीसी को दिया है निर्देश 90 दिनों तक म्यूटेशन रोकने वालों के खिलाफ करें रिपोर्ट



**खास बातें**

- 2024-25 में म्युटेशन के लंबित मामलों की संख्या 840
- 2023-23 में म्युटेशन के लंबित मामलों की संख्या 118

**अमित सिन्हा**

धनबाद। मुख्यमंत्री के आदेश का धनबाद के सीओ पर कोई असर नहीं होता है. सीओ साहब अपनी ही धुन में काम करते हैं. बुधवार को एक तरफ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने निर्देश दिया है कि जिस अंचलाधिकारी के पास म्यूटेशन के मामले 90 दिनों से ज्यादा से लंबित है. वैसे अंचलाधिकारी पर शो कॉज किया जाए. वहीं दूसरी तरफ अंचल कार्यालय के सूत्र बताते हैं कि बुधवार को म्यूटेशन के सैंकडों मामले 90 दिनों से ज्यादा से लंबित है. वर्ष 2023-24 में म्यूटेशन के 90 दिनों से ज्यादा से लंबित मामलों की संख्या 118 हैं. 2024-25 में लंबित मामलों की संख्या 840 हैं. यह सारे मामले अंचलाधिकारी के पास ही लंबित है. जब सीओ शशिनाथ सिंकर से पूछा गया कि लंबित मामलों के बारे में बताएं तो उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दिया.

### म्यूटेशन मामलों में मुख्यमंत्री का ये है निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि म्यूटेशन तय समय सीमा के अंदर हो, इसे सुनिश्चित करें. म्यूटेशन के मामले बिना किसी वजह से लंबित नहीं रहने चाहिए. अंचल ऑफिस में म्यूटेशन के कई मामले बिना किसी ऑब्जेक्शन के काफी समय तक लंबित रहते हैं. म्यूटेशन केसेज का ना तो निष्पादन होता है और ना ही रिजेक्ट किया जाता है, इसकी जांच हो. मुख्यमंत्री ने डीसी को निर्देश देते हुए कहा है कि जिले के अंतर्गत आने वाले उन अंचलों को चिन्हित करें, जहां बिना किसी वजह के म्यूटेशन के मामले 90 दिनों से ज्यादा समय से लंबित हैं, उन्हें शो कॉज जारी करें और कार्रवाई का प्रस्ताव भेजें.जमीन की गलत तरीके से खरीद- बिक्री के मामले सामने आ रहे हैं. इसपर हर हाल में रोक लगे. इसमें जो भी दोषी हो, उनके खिलाफ कार्रवाई हो. डीसी जिलों के अंतर्गत आनेवाले अंचलों का नियमित निरीक्षण करें और वहां म्युटेशन के मामलों की समीक्षा करें. जमीन से संबंधित दस्तावेजों का भी वेरिफिकेशन करें.

### अंचल कार्यालय में बॉयोमेट्रिक नहीं

धनबाद अंचल कार्यालय में बाबुओं से लेकर साहब तक के आने जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है. सभी मनमाने समय पर कार्यालय आते है. इसकी मुख्य वजह हैं कि कार्यालय में बॉयोमेट्रिक नहीं लगा है. सरकार के निर्देश के अनुसार सभी सरकारी कार्यालयों में बॉयोमेट्रिक हाजिरी जरूरी है. धनबाद समाहरणालय से लेकर नगर निगम तक बॉयोमेट्रिक लगा है. जिसमे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों की हाजिरी बनती है. इसके बावजूद धनबाद अंचल कार्यालय में अब तक रजिस्टर पर ही हाजिरी बनती है. सीओ शशिनाथ सिंकर ने बताया कि कोरोना के समय जब बॉयोमेट्रिक हटा है, तब से अब तक दुबारा नहीं लगाया गया है.

**सड़क हादसा**

# खंभे से टकराई बाइक दो चचेरे भाइयों की मौत



- सिमोलदन बस्ती के दो युवकों की मौत, चार युवक एक ही बाइक से लौट रहे थे घर
- खंभे से टकराई गई बाइक दो गंभीर रूप से जख्मी एसएनएमएमसीएच में चल रहा इलाज

**बलियापुर/कलियासोल**

बुधवार को कलियासोल ओपी क्षेत्र के सिमोलदन बस्ती के दो युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है, घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चार युवक एक ही बाइक पर सवार होकर पत्थरकुआं की ओर से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गए, जिससे घटनास्थल पर ही दो युवक की मौत हो गई. जबकि दो युवक तापस और विशाल घायल हो गए. गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी हालत भी गंभीर है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे. इसी दौरान अचानक बाइक से चालक का नियंत्रण खो गया. बाइक अनियंत्रित होने से रोड के किनारे सीमेंट के खंभे से टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही दो युवक की मौत हो गई. जिससे खंभे से बाइक टकराई थी, वो खंभा भी टूट गया. इस घटना से पूरे गांव में मातम फैल गया है. परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है. इस घटना में मरने वालों में दो युवक चचेरे भाई रोहित मंडल और विशाल मंडल शामिल हैं. घटना के बाद अशोक मंडल के साथ स्थानीय लोग मौके पर जुट गए हैं, जाम लगाकर मुआवजे की मांग की जा रही है.

### टैंकर की चपेट में आकर एमपीएल कर्मी की मौत



**मैथन ।** एमपीएल में कार्यरत जीपीएस कंपनी के कर्मी विनोद सिंह (48) की मृत्यु बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे प्लांट के अंदर पानी टैंकर की चपेट में आ जाने से गई. मृतक के आश्रित को मुआवजा एवं नियोजन की मांग को लेकर कर्मियों एवं ग्रामीणों ने एमपीएल के चारों गेट को जाम कर कामकाज ठप कर दिया. इस दौरान मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी एवं प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में मृतक के आश्रित को 20 लाख रुपए मुआवजा एवं उसके पुत्र कन्हाई सिंह को तत्काल उसके पिता के पद पर नियोजन देने पर बनी सहमति के बाद दोपहर डेढ़ बजे कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया.





# मैथन में आंधी-पानी, पेड़-पोल गिरे

मैथन : बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे मैथन, कुमारधुबी एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों में आई तेज आंधी-बारिश एवं हल्की ओलावृष्टि के कारण पिछले कई दिनों से पड़ रहे भीषण गर्मी से लोगों को निजात मिली है. मानसून की पहली बारिश ने लोगों को राहत दी है. लेकिन तेज आंधी के कारण बिजली व्यवस्था चरमरा गई .आंधी के कारण मैथन, कुमारधुबी, चिरकुंडा आदि क्षेत्रों में कई जगहों पर पेड़, बिजली की पोल गिर गए. इससे बिजली के तार टूट गए. क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई है. मैथन संजय चौक सब स्टेशन से जुड़े पीएचईडी फीडर, सेलटैक्स फीडर, बरमुड़ी फीडर सहित कई फीडर ब्रेकडाउन हो गए हैं.

# बीसीसीएल निकालेगा 30 लाख टन का लिंकेज आफर

## हार्ड कोक प्लांटों के लिए लिंकेज कोयले के ऑफर पर मंथन शुरू



### कोल वाशरी खुलने से रोजगार में आएगी बड़ी क्रांति

**ओम प्रकाश।धनबाद**

बीसीसीएल अगले कुछ दिनों में 30 लाख टन लिंकेज कोयला( स्टील प्लांट के लिए)का आफर निकाल सकता है.इतना ही नहीं निकट भविष्य में बीसीसीएल कोल वाशरी खोलने की दिशा में बड़ा कदम उठा सकता है.इसका स्पष्ट संकेत मंगलवार को कोल मंत्रालय और बीसीसीएल सीएमडी के साथ हुई बैठक से मिला है. बताया जाता है कि स्टील कंपनी को अधिक से अधिक वाशड कोयले की आवश्यकता है,इस मामले में स्टील इंडस्ट्री आज भी कोयले के आयात पर ज्यादा निर्भर है.ऐसे में कोल वाशरी खुलने से कोयले के आयात में भी कटौती होने की संभावना बढ़ जाएगी.इतना ही नही जल्द रजिस्टर्ड हार्ड कोक प्लांटों के लिए फिर अलग से लिंकेज कोयला का ऑफर निकल सकता है,इस विषय पर कोल मंत्रालय में चर्चा शुरू हो चुकी है.

### लिंकेज कोयला का ऑफर निकलने से बाजार में आएगी रौनक : हितेश वर्मा



बीसीसीएल के जीएम सेल्स एंड मार्केटिंग हितेश वर्मा ने कंपनी हित में बड़ी संभावना का जिक्र किया है .जीएम सेल्स ने कहा कि बीसीसीएल जल्द 30 लाख टन लिंकेज कोयला का ऑफर निकालेगा .उन्होंने कहा कि इससे जहां 25 प्रतिशत कोकिंग कोल के आयात में कटौती होगी वहीं कोल मार्केट में भी जबरदस्त उछाल आ जाएगा .बीसीसीएल में पिछले वित्तीय वर्ष में लिंकेज कोयला का जीरो प्रतिशत जहां बुकिंग हुई थी वहीं इस बार लिंकेज ऑफर निकलने के बाद धनबाद के बाजार में जबरदस्त उछाल आ सकता है .पूरी प्रक्रिया से 1000 करोड़ विदेशी मुद्रा की बचत होगी सेल्स विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले 2030 तक पूरे देश में स्टील इंडस्ट्री को 300 मिलियन टन कोकिंग कोल की जरूरत पड़ सकती है .जिसकी आपूर्ति की ज़िम्मेदारी बीसीसीएल उठाएगा .

### कोल वाशरी का बढ़ना मील का पत्थर होगा

जीएम सेल्स बीसीसीएल हितेश वर्मा से बातचीत के दौरान एक बड़ा संकेत मिला .उन्होंने कहा कि बीसीसीएल में अब जल्द नई कोल वाशरी का निर्माण होगा .चूंकी स्टील इंडस्ट्री को अब अधिक से अधिक वाश कोल की जरूरत है .जो तभी संभव है जब अधिक से अधिक निजी कारोबारी वाशरी निर्माण के कार्य में अपना योगदान दें .भारत कोकिंग कोल लिमिटेड भी अब मान चुका है कि जिस क्षेत्र में नयी वाशरी और पुरानी वाशरी संचालित होगी स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ एक बड़े मार्केट का विकास होगा ,जिससे रुपया का लेन देन बढ़ेगा . जानकारी के मुताबिक लिंकेज कोयले का ग्रेड ट्रेंच सात से बढ़ाकर ट्रेंच आठ और ट्रेंच 9 तक किया जा सकता है .

▼ ब्रीफ खबरें

### अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**कतरास।** कतरास शहर के पंचगढ़ी बाजार स्थित सालासर बालाजी मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया. मंगलवार शाम से रामायण पाठ शुरू हुआ. इससे पूर्व आचार्य रासबिहारी शर्मा और राजबिहारी शर्मा ने संयुक्त रूप से बालाजी जी पूजा अर्चना कर पाठ आरंभ कराया. रात भर पाठ के बाद सुबह पूजा अर्चना की गई. बालाजी को भोग लगाने के बाद सामूहिक आरती की गई. श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर राजकुमार चौधरी, उषा चौधरी, जयप्रकाश उपाध्याय, दिलीप पांडेय, श्रवण पांडेय, मुकेश पांडेय, गौरव पांडेय आदि मौजूद थे.

### बागड़ा तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण

**महुदा।** विधायक प्रतिनिधी शत्रुधन महतो ने बागड़ा पंचायत के भंवरदाहा बस्ती स्थित बड़का गड़िया बांध में भूमि संरक्षण विभाग की ओर से चल रहे जीर्णोद्धार व मिट्टी कटाई कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान शत्रुघ्न महतो ने कहा कि ग्रामीणों के आग्रह पर पानी की समस्या के समाधान के लिए इस तालाब का जीर्णोद्धार किया जा रहा है. विधायक ढुलु महतो की अनुशंसा पर विभाग द्वारा इस तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बरसात के पश्चात अब ग्रामीणों को पानी की समस्या नहीं होगी. इसके अलावे काण्डरा पंचायत के कल्याणपुर मे बुढ़ा बांध का शिलान्यास, सोलर जलमीनार एवं सामुदायिक भवन का उदघाटन भी किया.

### अवैध लौह समाग्री लदा टाटा मैजिक जब्त

**झरिया।** डिगवाडीह 12 नंबर कांटा घर के समीप से सीआईएसएफ की टीम ने गुप्त सूचना पर एक अवैध लोह सामग्री लदा टाटा मैजिक को जब्त किया है. इससे पूर्व अपराधियों ने जवानों को देख कर हवा में फायरिंग कर फरार कर दिया. जवानों ने जब्त लोहा को जोड़ापोखर पुलिस के हवाले कर दिया. हालांकि मैजिक का ड्राइवर सहयोगी के साथ मिलकर गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब हो गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि डिगवाडीह 12 नंबर बीसीसीएल के बंद रोपवे से पिछले छह माह से भारी पैमाने पर लोह समाग्री की चोरी हो रही है. इसी क्रम में बुधबार की अहले सुबह अज्ञात चोरों ने लोह सामग्री चोरी कर बंद काटा घर के निकट झाड़ी में छुपा कर रखा था.

### चार दिवसीय हरिकीर्तन की पूर्णाहुति

**गोविंदपुर।** सबलपुर में आयोजित चार दिवसीय हरि कीर्तन की पूर्णाहुति बुधवार को कुंज मिलन के साथ हुई इस दौरान मूल गायिका जयश्री मंडल ने गौरांग महाप्रभु की महिमा पर प्रकाश डाला. लीला कीर्तन का सजीव चित्रण किया गया. उन्होंने महिलाओं से बच्चों को संस्कार देने तथा घरों में प्रतिदिन सुबह शाम आरती करने की भी अपील की. उन्होंने कहा कि माताएं यदि चाहे तो घर स्वर्ग हो सकता है. घर में सुख समृद्धि और शांति आ सकती है. समापन के मौके पर प्रसाद का वितरण किया गया. कार्यक्रम में सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी ने भी भाग लिया1 इस आयोजन में हरि कीर्तन समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता पार्थ सारथी गोप, शिवपूजन गोप, सुभाष गिरि, किरीटी गोप, तापस मोदक, गौतम गोप, धीरेन महतो, मनोज गोप, निताई मोदक आदि सक्रिय थे.

## फुसरो में फायरिंग : फूटा गुस्सा, दुकानदारों ने की सड़क जाम, नारेबाजी

# चिलचिलाती धूप में नहीं डिगे कदम, खूब लगे सरकार के खिलाफ नारे

**खास बातें**

- दुकानदारों की सुरक्षा के साथ-साथ अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

संवाददाता । कथारा



सुबह लगभग 10 बजे बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो बाजार के सबसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र स्टेट बैंक के समीप ज्ञान ज्वेलरी दुकान पर अपराधियों ने जिस तरह से बैखौफ हो कर फायरिंग की है. इस घटना के बाद व्यवसायी दहशत में हैं, उनके साथ-साथ स्थानीय लोग में भी घटित घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है. लोगों में घटना को लेकर इतना आक्रोश था कि प्रचण्ड गर्मी में भी दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर सड़क पर विरोध प्रदर्शन में बैठ गए. दरअसल सड़क पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोग घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग और व्यवसायियों के सुरक्षा की मांग पर अड़े दिखे. एक महीने के अंदर दूसरी बार दिनदहाड़े हुई. इस वारदात के बाद युवा व्यवसायी संघ फुसरो और बेरमो चेम्बर ऑफ कॉमर्स समेत सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने मौके पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया और झारखंड सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सूचना पाकर बेरमो डीएसपी बीएन सिंह घटनास्थल पहुंचे और उन्होंने मामले की छानबीन शुरू कर दी. उन्होने व्यवसायियों को अपराध कर्मियों को पकड़ लेने का आश्वासन दिया.जाम हटाने का आग्रह किया।लेकिन उनकी बातों से व्यवसायी वर्ग संतुष्ट नहीं हुआ और सड़क जाम देर शाम तक कायम रहा.

### नेताओं ने कहा, बढ़ गया फुसरो में गुंडाराज

घटना के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, पूर्व नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, भाजपा नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, अर्चना सिंह,अशोक मिश्रा व टुनटुन तिवारी, समाजसेवी डॉक्टर उषा सिंह, मजदूर नेता वरूण सिंह, झामुमो नेता भोलू खान, व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, बैजू मालाकार, राकेश मलाकर,कृष्ण कुमार, मोहम्मद कलाम खान, दिनेश सिंह, जावेद खान, संतोष भगत, भोला सोनी, पिंटू सिंह, विकास सिंह, प्रकाश गुप्ता, मनोज गोयल,विनय वरणवाल, रोहित मित्तल, सुशांत राईका, ने भी अपना समर्थन दिया और धरना स्थल पर बैठे. साथ ही इस दौरान संयुक्त रूप से कहा कि जिस तरह से दिनदहाड़े घटना को अंज़ाम दिया जा रहे. इससे साफ जाहिर है कि फुसरो में भी गुंडाराज बढ़ चुका है. राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है. उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही माहौल रहा तो फुसरो के कारोबारी अपना व्यवसाय कैसे कर पाएगें. ये चिंता का विषय बना हुआ है. बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर अविलंब विराम लगे. इस बिंदु पर इमानदारी से कार्य करने की आवश्यकता है.

### भोला दास हत्याकांड में तीन आरोपी गए जेल

**तोपचांची।** मंगलवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत ढांगी पंचायत के खरनी गांव में मजदूर भोला दास की हत्या मामले में तोपचांची पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है. तोपचांची पुलिस मंगलवार को घटनास्थल से दीनदयाल दास के पत्नी खिरिया देवी, बेटी लक्ष्मी कुमारी को हिरासत में लिया था. दीनदयाल दास और उनका बेटा राजू दास फरार था. तोपचांची पुलिस ने दीनदयाल के बेटा राजू दास को बुधवार को हिरासत में लिया. जिसके बाद तोपचांची पुलिस ने आरोपी खिरिया देवी, लक्ष्मी कुमारी व बेटा राजू दास को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. घटनास्थल से पुलिस ने दीनदयाल दास के एक नाबालिग लड़का को भी हिरासत में लिया था जिसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है. इधर भोला दास का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया.

## बिन पानी सब सून

# भगवान भरोसे गांव की प्यास

## जिला परिषद ने नहीं की पेयजल की कोई व्यवस्था

**खास बातें**

- चुनाव के दौरान आचार संहिता का दिया था हवाला
- अब तक नहीं टूटी जिला परिषद की नींद

संवाददाता । धनबाद



भीषण गर्मी के प्रकोप में पेयजल के घोर संकट से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को जूझना पड़ रहा है. मानसून आने में मात्र तीन दिन बचे हैं लेकिन विभाग की ओर से पूरी गर्मी पेयजलापूर्ति के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है. इस वर्ष ना ही एक भी चापाकल लगाए गए हैं और न ही टैंकर से जलापूर्ति की गई है. पिछले वर्ष जलापूर्ति के लिए प्रत्येक जिला परिषद क्षेत्र में दस दस चापाकल लगाए गए थे. जब चापाकल लगने में देरी हो रही थी. तब तत्कालीन उप विकास आयुक्त ने बृहद मात्रा में टैंकर से पेयजलापूर्ति कराई थी. इस साल पेयजलापूर्ति को लेकर जिला परिषद विभाग पूरी तरह सुस्त हैं. 4 जून तक आचार संहिता के बहाने विभाग खामोश बना रहा. इसके बाद 9 दिन बीतने के बाद भी विभाग की आंखे नहीं खुली हैं. इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है. जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी ने बताया कि जिला परिषद इस साल पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है. स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने स्तर से जितना संभव हो, जलापूर्ति की व्यवस्था किये हैं. इसके बावजूद बड़ी आबादी पेयजल की संकट झेलने को मजबूर हैं.

### तोपचांची के यादवटोला में गहराया जल संकट

**तोपचांची।** भीषण गर्मी में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है. बुधवार दोपहर को तोपचांची प्रखंड के तांतरी पंचायत अन्तर्गत यादवटोला में जल संकट को लेकर ग्रामीणों ने बाल्टी, डेगची लेकर प्रदर्शन किया. ग्रामीण दुर्गा प्रसाद यादव ने बताया कि पेयजल को लेकर यादवटोला में गंभीर समस्या बन गई है. गांव में सरकारी स्तर से पेयजल को लेकर कोई प्रबंध नहीं किया गया है. कुछ कुएं हैं जिनमें भी अब पानी रसातल में चला गया है. महिलाओं को ऊबड़-खाबड़ पथरीले रास्तों पर चलकर दूर-दूर से तपती दोपहरी में पानी लाना पड़ता है. सरकार द्वारा जारी हर घर नल जल योजना तथा अन्य पेयजल से संबंधित कोई योजना आज तक गांव में एक भी नहीं लग पाया. गांव में करीब 500 की आबादी निवास करती है. पेयजल की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रुप लेती जा रही है. दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार की पेयजल योजना जब हर गांव में लगा तो हमारे गांव में क्यों नहीं लगा इसकी जांच होनी चाहिए. ग्रामीण ने जिला प्रशासन से पेयजल की व्यवस्था को लेकर गुहार लगाया है.

### कोलकर्मी की तबीयत बिगड़ने से मौत

**कतरास।** छाताबाद 10 नंबर निवासी सह सलानपुर कोलियरी के फोरमेन इंचार्ज बसंत यादव (50) की मौत उनके आवास में मंगलवार की देर रात हो गई. बंसत मंगलवार को सलानपुर कोलियरी से दूसरी पाली की ड्यूटी 4 बजे शाम समाप्त कर अपने आवास गए थे, जहां देर रात तबीयत खराब होने पर उसकी मौत हो गयी. इधर बुधवार को प्रोविजनल नियोजन व मुआवजा की मांग को लेकर मृतक के परिजनों व संयुक्त मोर्चा ने सलानपुर कोलियरी कार्यालय पहुंचे. कुछ देर टालमटोल के बाद प्रबंधन से परिजन सहित संयुक्त मोर्चा से वार्ता की.वार्ता में संबंधित कागजात कोलियरी कार्यालय में जमा करने पर आश्रित पुत्र मुनेन्द्र को तीन माह के अंदर नियोजन देने और 75 हजार रुपये तुरंत देने का लिखित आश्वासन दिया गया. इसके अलावे आरके माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी में तीन माह के लिए रोजगार देने का लिखित आश्वासन दिया गया है. परियोजना पदाधिकारी मो. इलियास अंसारी व संयुक्त मोर्चा ने मृतक के आश्रित पुत्र को सहमति पत्र दिया है. मृतक अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री समेत पत्नी को छोड़ गया है. इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी मो. इलियास अंसारी ने कहा कि मृतक के आश्रित पुत्र को नियोजन देने से संबंधित सहमति पत्र दिया गया है.वार्ता में बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से एपीएम रामानुज प्रसाद, पीओ मो. इलियास अंसारी, कार्मिक पदाधिकारी पावन वत्स व संयुक्त मोर्चा की ओर से धकोकसं के नवनीत कुमार सिंह, अमरेश चौधरी, शिव शंकर गुप्ता एवं जमसं के उमेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे.

# चोरी का विरोध करने पर कोलकर्मी की पिटाई

## वेस्ट मोदीडीह दो नंबर बंद भूमिगत खदान में वारदात

**खास बातें**

- बीस की संख्या में अपराधियों ने कोलकर्मी को पीटा

संवाददाता । तेतुलमारी



बीसीसीएल एरिया चार अंतर्गत वेस्ट मोदीडीह दो नंबर बंद भूमिगत खदान में मंगलवार की देर रात चोरों के दल ने लोहा चोरी करने का प्रयास किया. तभी कर्मियों ने इसका विरोध कर दिया. इसपर अपराधियों ने मनोज कुमार नामक कर्मी की बेरहमी से पिटाई कर दी और लोहा छोडकर भाग निकले.खबर पाकर सीआईएसएफ मौके पर पहुंची. तब तक सभी अपराधी वहां से निकल चुके थे.कर्मियों ने घटना की जानकारी कोलियरी प्रबंधन को दे दी है. समाचार लिखे जाने तक इसकी जानकारी तेतुलमारी पुलिस को नहीं दी गई थी. घटना के संबंध में कर्मियों ने बताया कि रात 20 की संख्या में अपराधी दो नंबर खदान के समीप आ गये थे. लोहे का रेल को काटकर ले जाने का प्रयास करने लगे. यह देख हमलोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिए. वे लोग भागने लगे, इस दौरान उन लोगों ने कर्मी मनोज कुमार को गाली देते हुए पिटाई कर दी..धमकी देते हुए कहा कि शोर मचाया तो अंजाम बुरा होगा .बताया जाता है कि अपराधियों का तांडव तेतुलमारी एवं वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में बढ़ गया है, शाम ढलते ही अपराधी तत्व परियोजना में खडी मशीनों को काटकर उसका पार्टस व लोहा ले जाते हैं. उसे भुली के आम बागान व झारखंड चौक एवं श्याम बाजार में बेचते हैं. इस धंधे में गुड्डु, विक्की एवं शमशेर नामक व्यक्ति सक्रिय रहता है.

# मजदूरों ने किया जीटीएस आउटसोर्सिंग का चक्का जाम



संवाददाता । कतरास

बीसीसीएल एरिया तीन के कैलूडीह में संचालित जीटीएस आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों ने झामुमो के बैनर तले बुधवार को एचपीसी सहित अन्य मांगों को लेकर कंपनी का चक्का जाम कर धरना पर बैठ गए. इस दौरान मजदूरों ने कंपनी के सभी वाहनों को परियोजना में खड़ा करवा दिया और कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. मजदूरों ने कहा कि हम लोग कंपनी में सालों से काम कर रहे हैं लेकिन बी फार्म में नाम दर्ज नहीं है. ना तो एचपीसी लागू किया गया है. किसी भी मजदूरों को कंपनी आई कार्ड भी निर्गत नहीं की है. मजदूरों का खून-पसीने की कमाई कंपनी के बिचौलिया व अवैध कमेटी के लोग बंदरबांट कर रहे हैं. इधर दोपहर में परियोजना पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर मजदूरों को समझने का प्रयास किया, मगर मजदूर अपनी मांगों पर अडे. रहे. बाद में आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा मजदूरों को दस दिनों के अंदर सभी समस्याओं को लेकर वार्ता करने का लिखित आश्वासन दिया. इसके बाद मजदूरों ने चक्का जाम कार्यक्रम स्थगित कर दिया. चक्का जाम कार्यक्रम का नेतृत्व बाघमारा झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शहजाद कर रहे थे. मौके पर जितेन्द्र यादव, राहुल यादव, अजय यादव, राहुल भुइयां, बबलू यादव, बिनोद यादव, संजय यादव, राजेन्द्र भुइयां, शंभु मंडल, कॉपी यादव, सोना मराण्डी, पिंटू यादव, शिव कुमार भुइँया, नज्जु कुरैशी, मनोज दास, छोटु इलेक्ट्रीशियन, मिथलेश यादव, राजू अंसारी, संजय यादव, आदि मौजूद थे.

# खरखरी में अवैध कोयला खनन स्थल के मुहाने की भराई



संवाददाता । मधुबन

बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया तीन अंतर्गत खरखरी कोलियरी प्रबंधन ने बुधवार को बावनडीहा जंगल में अवैध खदानों के मुहाने की पेलोडर से भराई कराई गई. मौके पर गोविंदपुर क्षेत्रीय सीआईएसएफ व मधुबन पुलिस तैनात थी. इस दौरान खरखरी प्रबंधन ने बाबुडीह जंगल,खरखरी जंगल व बावनडीहा जंगल का निरीक्षण भी किया. निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर अवैध खदान का मुहाना खुला मिला.प्रबंधन की इस कार्रवाई से अवैध कोयला धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है. खरखरी पीओ विजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खुली खदानों की भराई की जा रही है. निगरानी के लिए सीआइएसएफ टीम को तैनात किया गया है. कुछ दिनों के बाद बारिश का मौसम भी आ रहा है. कोई ग्रामीण मवेशी चराने के क्रम में गिर कर घायल हो सकता है, या कोई अनहोनी न हो जाए इसलिए ऐहतियात के तौर पर बारिश की मौसम से पहले ही खुली हुई अवैध खदानों के मुहाने को भराई की जा रही है. यह अभियान कई दिनों तक लगातार जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि मामले को लेकर वरीय अधिकारी को अवगत करा दिया गया है.

# बाल मजदूरी के खिलाफ निकाली रैली

संवाददाता । धनबाद




पिनाकी राय के नेतृत्व में बच्चों ने चलाया अभियान

बुधवार को विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस के अवसर पर झरिया स्थित सामाजिक परियोजना ने झरिया के कोयला क्षेत्रों में चल रही बाल मजदूरी जैसा गंभीर समस्या को ले कर एक रैली निकाली. कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज ने इस रैली के माध्यम से वृहद समाज से कोयला क्षेत्रों में सदियों पुराने मानवीय संकट को दूर करने के लिए कुछ कदम उठाने की अपील की. झरिया स्थित शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता पिनाकी राय के नेतृत्व में 55-60 बच्चों ने बचपन बचाओ,बाल श्रम हटाओ अभियान में भाग लिया. रैली डीपूधौड़ा कोलियरी, कुजामा कोलियरी, लोदना कोलियरी, लिलोरीपथरा के इलाके में घूमकर झरिया के हेटलीबांध में समाप्त हुई.

**हम पढ़ना चाहते हैं :** इस दौरान कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज की सुहानी कुमारी और नंदिनी कुमारी ने बताया कि हमें काम करना पसंद नहीं है, हम पढ़ना चाहते हैं लेकिन हालात ने हमें पैसे के लिए काम करने पर मजबूर कर दिया है.अगर सरकार की ओर से कोई योजना है तो हम काम नहीं करेंगे. कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा की यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि झरिया कोलफील्ड्स में अभी भी हजारों से अधिक बच्चे बाल श्रम के रूप में काम कर रहे हैं .कई प्रतिभाएं आधी-अधूरी अवस्था में ही नष्ट हो रही हैं.समाज से बाल श्रम को हटाना अब हमारे देश का प्रमुख एजेंडा होना चाहिए. एक तरफ हमारे देश अंतरिक्ष विज्ञान और इंजीनियरिंग में इतना प्रगतिशील है.हमें आर्थिक और सामाजिक इंजीनियरिंग में भी प्रगति की आवश्यकता है. विश्व बाल मजूदरी निषेध दिवस रैली में कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस के केंदुआ,लोदना और झरिया शाखाओं से 11 से 23 वर्ष की आयु के बच्चे शामिल हुए.

## महंगाई टोल प्लाजा पर वसूली जाने वाली राशि में बढ़ोतरी

# टोल टैक्स बढ़ोतरी से चिंता में कारोबारी

**खास बातें**

- देश में कुल टोल -1100
- झारखंड में कुल टोल -14
- बढ़ोतरी - 3 से 5 प्रतिशत

रणजीत कुमार सिंह । धनबाद



देश भर में बनी एनएच की सड़क से आवागमन काफी सुविधाजनक हो गया है. चमचमाती सड़कें विकास की नई गाथा को साबित कर रही हैं, लेकिन इन सड़कों पर मौजूद टोल प्लाजा में आवागमन को लेकर वसूली जाने वाली राशि में बढ़ोतरी ने मजा को किरकिरा कर दिया है. 3 जून को एक बार फिर टोल टैक्स में बढ़ोतरी की गई है. ये बढ़ोतरी सीधे तौर पर महंगाई को बढ़ावा देगी, ऐसा जानकारों का मानना है, कहना है कि लगभग हर सामान और यात्री किराया में बढ़ोतरी तय है. इस बढ़ोतरी का इरादा तो सरकार ने अप्रैल माह में ही तय कर दिया था, लोकसभा चुनाव को देखते बढ़ोतरी की तिथि खिसका दी गई थी. टोल प्लाजा में टैक्स बढ़ोतरी का धनबाद में असर देखने को मिल रहा है. हरी सब्जियों और फलों की कीमत में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है. जबकि खाद्यान्न की कीमतों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है.

### यात्रियों के खौफ से नहीं बढाया किराया : गिरि

धनबाद-पटना चलने वाली बुंदेला ट्रैवल्स के मालिक गिरि जी ने कहा कि सरकार द्वारा टोल टैक्स में बढोतरी तो कर दी गई लेकिन बस मालिकों ने अभी तक किराया में इजाफा नहीं किया है. कारण यह है कि पहले जैसा अब पैसेंजर नहीं मिल रहा है. बसें सड़कों पर खाली ही दौड़ रही हैं, ऐसे में किराया बढ़ा देंगे तो पैसेंजर मिलना और भी मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने बताया कि उनके पास 30-40 बसे हैं, जो धनबाद से रांची और और से पटना रूट पर चलती थी. इनमें मात्र 8- 10 बस ही चल रही हैं. क्योंकि यात्री नहीं मिल रहे हैं.

### गूंगी-बहरी है सरकार : संजय कुमार

शिव गंगा ट्रैवल्स के मालिक संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह गूंगी बहरी सरकार है. किसी की नही सुनती. 5% टोल टैक्स में इजाफा करने से बस मालिकों पर एक्स्ट्रा बोझ बढ़ गया है.सरकार के इस फैसले से बस मालिक काफी आक्रोशित है. क्योंकि सरकार ने तो टोल टैक्स बढ़ा दिया पर बस मालिक किराया नही बढ़ा सके. उन्होंने कहा अगर इस महंगाई में किराया बढ़ाया गया तो रोजी-रोटी पर ही आफत आ जायेगी. क्या करें, अब तक हमें ही नुकसान उठाना पड़ा है. लेकिन कुछ नहीं कर सकते.

# धनसार सामूहिक दुष्कर्म कांड में तीन गिरफ्तार

**खास बातें**

- अन्य 4 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापामारी

संवाददाता । धनबाद

धनसार थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित चंदन साव समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है. इन तीनों की गिरफ्तारी बुधवार की सुबह दहुआटांड़ से हुई है, वारदात में शामिल अन्य चार अब भी फरार हैं. इनकी गिरफ्तारी के लिए धनसार थाना पुलिस छापामारी कर रही है. मंगलवार की देर शाम पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद से ही आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दी थी. रात में सभी अपने घर से फरार थे. बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली की कुछ आरोपित अपने घर आए हुए हैं. इसी सूचना पर पुलिस ने उन्हें धर दबोचा. चंदन साव के अलावा संजीत कुमार उर्फ गूंगा और रोहित कुमार उर्फ बहरा को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

### गूंगा और बहरा का अहम रोल

इस घटना में गूंगा और बहरा की अहम भूमिका रही है. पीड़िता ने बताया है कि उसे स्टेशन से लेने के लिए गूंगा और बहरा आए थे. इन दोनों युवकों का असली नाम भी पीड़िता को नहीं पता था. इन दोनों ने ही पीड़िता को स्टेशन से लेकर चंदन साव तक पहुंचाया था. संजीत कुमार उर्फ गूंगा और रोहित कुमार उर्फ बहरा दोनों दहुआटांड के ही रहने वाले हैं. सामूहिक दुष्कर्म कांड की पीड़िता नाबालिग है. ऐसे में बुधवार को इसका मेडिकल जांच कराई जाएगी. बाल कल्याण समिति भी पीड़िता से बात कर सकती है.


## AFFIDAVIT

I, **PURAN RAVIDAS**, Son of Chaman Ram, aged about-65 years, Resident of village- Swang, Near Shiv Mandir, Post- Swang, P.S.- Gomia, District - Bokaro (Jharkhand), Aadhar No. 4109 1061 6389 do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, my actual and correct name is PURAN RAVIDAS which is mentioned in my Aadhar Card vide no. 4109 1061 6389.
3. That, in my Saving Bank Account of Bank of India Branch - Swang Colliery, vide A/c No. 489810100003612 my name has been mentioned as PURAN RAM.
4. That, both names as **PURAN RAVIDAS** and **PURAN RAM** are of one and same person i.e. myself.
5. That, I am swearing this affidavit to rectify my name as **PURN RAVIDAS** in place of **PURAN RAM** in my aforesaid Bank Account and to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the contents made in this affidavit are true and correct, if same is found false then, I shall be liable to be punished in the eye of law.

Affidavit No. **933** dt. 23.02.2024

ब्रीफ खबरें

### झाड़ी से मिला शव हत्या की आशंका

**साहिबगंज।** मंडरो प्रखंड में मिर्जा चौकी थाना क्षेत्र के गोसाईं चक मोज़ा के गडरा पहाड़ किनारे झाड़ी में एक लाश मिलने से आसपास के गांव में सनसनी फैल गई. मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति ललमटिया निवासी मंगल बास्की का बताया गया. मृतक के चेहरे पर जख्म का निशान है. सड़क पर खून का दाग व अन्य जगहों पर पत्थर और बांस में खून का निशान बना हुआ है. गांव के लोगों ने मामले की जानकारी मिर्जाचौकी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही मिर्जाचौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु साहेबगंज भेज दिया. मामले को लेकर मिर्जाचौकी पुलिस प्रशासन जांच में जुट गई है. प्रथम दृष्ट्या हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है.

### करंट लगने से दो गायों की मौत

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के नावाहार गांव में बुधवार को बिजली तार के संपर्क में आने से दो गायों की मौत हो गई. नावाहार गांव में बेंगाबाद पॉवर सबस्टेशन के 4 नंबर फिडर बिजली की सप्लाई की जाती है. फिडर से खेतों में होकर बिजली के खम्भे लगाए गए हैं. वहां तार काफी जर्जर अवस्था में हैं. कई जगहों पर तो तार काफी नीचे तक झूल गए हैं. बताया गया कि बुधवार की सुबह मवेशी खेत में चर रहे थे. इसी दौरान जमीन के समीप तक झूलते तारों के संपर्क में आने से शांति मरांडी की दो गायों की मौत हो गयी. शांति मरांडी का रो-रोकर बुरा हाल था. ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने और जजर्र तार बदले की मांग की है. साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द तार नहीं बदले गए, तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा.

### पोस्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना अंतर्गत नवडीहा ओपी क्षेत्र में नाबालिग के साथ छेड़खानी के आरोप में नवडीहा पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस बाबत 14 वर्षीय नाबालिग की मां ने स्थानीय थाना नवडीहा में प्रकाश वर्मा पिता स्व रेवत महतो, साकिम गोविंदाटाण्ड के विरुद्ध मामला दर्ज करायी थी. इस बाबत नवडीहा थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि पोक्सो एक्ट धारा 8/12 के तहत अभियुक्त प्रकाश वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

### बंद पड़े जल मीनार चालू करने की मांग

**डुमरी (गिरिडीह)।** अभिभावक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर महतो ने बीडीओ को आवेदन देकर कल्हाबार पंचायत में जल नल योजना के तहत लगा जल मीनार जो मरम्मती के अभाव में खराब पड़ा हुआ है, उसे शीघ्र ही चालू कराने की अपील की आवेदन में लिखा है कि कल्हावार पंचायत में कुल 49 जल मीनार लगा है. जिसमें 09 जल मीनार चालू स्थिति में हैं, शेष 40 जल मीनार जिस दिन से लगा हुआ है उस दिन से पब्लिक के घरों में पानी नहीं पहुंचा है. इस तरह का मामला प्रखण्ड के सभी पंचायतों में है. आवेदन में लिखा है कि अगर 10 दिनों के अन्दर खराब पड़े सभी जल मीनार को नहीं बनाया तो 24 जून से प्रखंड कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठुंगा.

### विचाराधीन कैदी की अस्पताल में मौत

**गोड्डा।** मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी विलियम्स मालतो की अस्पताल में मौत हो गई. सुंदरपहाड़ी प्रखंड निवासी विलियम्स जेल में बंद था. स्थिति बिगड़ने पर बीते संध्या सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में इलाज हेतु भर्ती कराया गया था. बताया जाता है कि इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई. मौत की सूचना घर वालों को दे दी गई है. कैदी की मौत के बाद नियम कानून के तहत मजिस्ट्रेट की तैनाती कर उनकी निगरानी में मृत कैदी का पोस्टमार्टम करवाया गया. जेल में बंद कैदियों को समुचित चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पाता है. कागज पर डॉक्टर का नियमित दौरा दिखाया जाता है मगर वास्तविक रूप से कंपाउंडर द्वारा ही सारी खानापूर्ति कर दिया जाता है. वैसे कैदी जो दबंग हैं, उनको बिना बीमारी के ही अस्पताल में शिफ्ट होने की छूट है.

# चास में पूर्व मेयर ने बिजली की समस्याओं का लिया जायजा

## जल्द समस्या का निदान नहीं होने पर बिजली विभाग में तालाबंदी करने की दी चेतावनी

**खास बातें**

- अधिकारी को जल्द बिजली बहाल करने को कहा
- चास में 15 दिनों से है बिजली गुल, लोग परेशान

संवाददाता। बोकारो



चास के पूर्व मेयर भोलू पासवान ने चास में बिजली की बदतर स्थिति में सुधार हो इस दिशा में पहल की. बुधवार को उन्होंने इस विषय पर चास बिजली विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से बात की. इंजीनियर ने कहा कि दामोदर पुल पर बिजली की टावर गिर गई है. इसलिए अबाधित बिजली नहीं दी जा सकती. इसमें एक हफ्ते का समय लगेगा. एग्जीक्यूटिव इंजीनियर की बात सुन पूर्व मेयर स्थिति का जायजा लेने दामोदर नदी पहुंचे और खुद ऑन द स्पॉट जाके बिजली की समस्या का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारी को जल्द सुचारू बिजली बहाल करने को कहा. ज्ञात हो कि बीते 15 दिनों से चास में बिजली की स्थिति बहुत ही खराब है. आंधी और तेज हवा के कारण चंद्रपुरा पुल के पास दो टावर गिर गया था. 2 दिन पूर्व कार्यपालक अभियंता के बिजली विभाग में तालाबंदी करने की बात पूर्व मेयर भोलू पासवान ने किया तो बिजली विभाग ने तुरंत वहां पर टावर खड़ा करने का काम शुरू किया. वर्तमान महापौर भोलू पासवान पहुंचकर बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अविलंब टावर खड़ा करें. जल्द ही इसका समाधान नहीं हुआ तो बिजली विभाग कार्यालय में तालाबंदी करने की चेतावनी दी.

### बिजली समस्या को लेकर बैठक आज

**बोकारो।** जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि चास-बोकारो में बिजली की समस्या को लेकर 13 जून को चंदनकियारी विधायक की अध्यक्षता में एक हाई लेवल बैठक परिसदन में बुलाई गई है. इस बैठक में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो व स्थानीय विधायक भी उपस्थित रहेंगे. जयदेव राय ने जानकारी दी कि जिले के उपायुक्त सहित बिजली विभाग के सभी पदाधिकारी आहुत बैठत में उपस्थित रहेंगे. श्री राय ने कहा कि चास-बोकारो की जनता को बिजली की समस्या से निजात मिल जाएगा.

### जन समस्याओं को लेकर आप चलायेगा जनसर्म्पक अभियान

**बोकारो।** आम आदमी पार्टी बोकारो जिला कमिटी की बैठक बुधवार को सेक्टर 12ए स्थित कार्यालय में हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक विधान चंद्र राय तथा संचालन जिला संगठन प्रभारी मो मेहबूब आलम ने किया. बैठक में विशेष रूप से प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश उपस्थित थे. बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये. प्रस्ताव पारित कर धनबाद और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह और मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में वोट देने के लिए आम आदमी पार्टी के सभी सदस्यों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया. दूसरे प्रस्ताव में बोकारो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी के बीच बिजली-पानी संकट के लिए सांसदों-विधायकों, जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों को दोषी करार देते हुए आमलोगों से खुद अपनी लड़ाई के लिए तैयार रहने की अपील की गई. प्रथम चास की बिजली-पानी और होल्डिंग टैक्स को लेकर नगर निगम प्रशासक और बिजली विभाग अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा. समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने का निर्णय भी लिया गया. बैठक में अपने विचार रखते हुए जिला संयोजक विधान चंद्र राय ने कहा कि आमलोगों की समस्या को लेकर संघर्ष का माद्दा सिर्फ आम आदमी पार्टी में ही है. अधिकारी तुरंत बिजली-पानी समस्या का समाधान करें. प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राकेश ने कहा कि पूरे देश में सिर्फ आम आदमी पार्टी ही जन-समस्याओं की लड़ाई लड़ते आई है. बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य का दिल्ली व पंजाब मॉडल झारखंड में भी लागू किया जाना चाहिए. इसके लिए हमें अपनी लड़ाई तेज करनी होगी. जिला संगठन प्रभारी श्री आलम ने कहा कि हमलोगों को समस्याओं की लड़ाई से पूर्व जनसंपर्क अभियान को हर घर तक ले जाना होगा. बैठक में जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल, राहुल कुमार वसु, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, महिला प्रकोष्ठ संयोजक मंजुला देवी, किसान प्रकोष्ठ संयोजक आनंद कुमार मंडल, प्रदीप कुमार झा सहित अन्य उपस्थित रहे.

# बोकारो सेक्टर 9 में गैराज से पांच बाल श्रमिक मुक्त

## विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस पर जिला टास्क फोर्स ने की कार्रवाई

संवाददाता। बोकारो



जिला टास्क फोर्स की टीम ने विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस पर बुधवार को श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो शहर में बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया. टीम ने सेक्टर 9 स्थित कार वाशिंग गैराज में छापेमारी कर वहां कार्यरत पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया. जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल मजदूरी कानूनन अपराध है. इस मामले में गैराज संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति को सुपुर्द कर दिया गया है. इनमें से 3 बच्चे 14 वर्ष से कम उम्र के हैं. इन्हें पुनर्वासित किया जायेगा, जबकि दो की उम्र 16 वर्ष है, उनकी काउंसिलिंग की जा रही है. उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले में किसी कीमत पर बाल मजदूरी व बाल तस्करी बर्दास्त नहीं की जाएगी. बच्चों के अधिकार के प्रति हर किसी को सजग होने की जरूरत है.

उन्होंने लोगों से अपील की कि बच्चों से मजदूरी कराने या शोषण के मामलों की जानकारी होने पर उसकी सूचना तुरंत जिला टास्क फोर्स को दें. ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी. मौके पर सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रीति प्रसाद, जिला बाल संरक्षण इकाई की सरिता कुमारी, चाइल्ड लाइन की अनीता कुमारी, श्रम विभाग के सुबल चंद्र गोप, नेपाल मुंडा, महेंद्र महतो, सहयोगिनी संस्था के फुलेंद्र रविदास, अनिल कुमार हेंब्रम आदि शामिल थे.

### बेरमो विधायक सीसीएल सीएमडी से मिले

**कथारा।** सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में सीएमडी के कार्यालय कक्ष में बेरमो के विधायक व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह सीसीएल के सीएमडी से मिले. अपने तथा अपने संगठन की ओर से सीसीएल सीएमडी को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामना दी. साथ ही वर्तमान में सीसीएल में कार्यरत श्रमिकों की समस्या तथा कोलियरी के विस्तारीकरण के ऊपर विस्तार से चर्चा की. जिसमें पिछरी कोलियरी को चालू करने, अमलो तथा कारों परियोजना का विस्तारितकरण, जारंगडीह परियोजना तथा कथारा कोलियरी को विभागीय उत्खनन कार्य को प्राथमिकता देने, बंद खदान से पानी की निकासी करने, बेरमो कोयलांचल में अग्निशामक सेवा बहाल करने, लंबी अनुपस्थिति के आरोप में बर्खास्त कर्मियों को पुनः बहाल करने आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई. सीसीएल सीएमडी ने कहा कि मजदूर का वेलफेयर प्राथमिकता है. सुरक्षित तथा गुणवत्ता युक्त उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास होगा. यूनियन का सकारात्मक सहयोग प्रबंधन को चाहिए. सीसीएल प्रबंधन सामूहिक दायित्व के तहत वेलफेयर कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी. अनुशासन और अनुशासित लोग मेरी प्राथमिकता है.

### निशिकांत को मंत्री बनाने के लिए पीएम को लिखा पत्र

गोड्डा। संताल परगना से चौथी बार जीतकर संसद तक पहुंचने वाले तेज तर्रार नेता निशिकांत दुबे को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम पत्र भेजा गया है. भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश झा द्वारा भेजे गए पत्र में यह कहा गया है कि संताल परगना हमेशा से भाजपा का गढ़ रहा है. इस क्षेत्र से भाजपा को जन समर्थन मिलता रहा है. अपेक्षाकृत इस चुनाव में कड़ी टक्कर के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को ही जीत मिली. सांसद श्री दुबे ने पीएम के आशीर्वाद से गोड्डा क्षेत्र में विकास के लिए कई योजनाओं को लाकर इस क्षेत्र का नक्शा ही बदल दिया है और विकास के नए मापदंड तय करने का काम सांसद द्वारा किया गया है. विकास की नई परिभाषा गढ़ने वाले सांसद को मंत्री मंडल में शामिल करने की अभिलाषा इस क्षेत्र की जनता को भी सर्वाधिक है. इसके अलावा एनडीए गठबंधन के प्रमुख सहयोगी आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी भी गिरिडीह लोकसभा सीट से दूसरी बार जीत एवं जमशेदपुर सीट से विद्युत वरण महतो लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे है. मंत्रिमंडल में इनको प्रतिनिधित्व मिलने से लोगों की आकांक्षाएं की पूर्ति होती और आगामी विधानसभा चुनाव में भी बल मिलता. ऐसे में पीएम से इन बातों पर ध्यान देने का अनुरोध किया है. इसके अलावा अन्य समस्याओं को भी पत्र के माध्यम से उठाकर उसके समाधान करने का अनुरोध किया गया है

### अवैध हथियार लेकर घूम रहा युवक बस स्टैंड से गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस ने बस स्टैंड के पास अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया. यह जानकारी सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक युवक बस स्टैंड के पास चोरी, छिनतई करने के उद्देश्य से हथियार लेकर घूम रहा है. सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय व गश्ती पदाधिकारी एसआई बंटी यादव दलबल के साथ बस स्टैंड पहुंचे. पुलिस को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा. पुलिस ने युवक को खदेड़ कर दीप हॉस्पिटल के समीप दबोच लिया. तालशी में युवक की कमर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया. पूछताछ में युवक ने अपना नाम मो. अबूबकर उर्फ सोनू बताया. वह गोड़ाबड़ी हटिया का रहने वाला है. पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया.

### अबुआ आवास में गति लाएं : बीडीओ

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ बीडीओ कमलेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक उपस्थित थे. बैठक में बीडीओ ने सरकार के महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास में गति लाने को लेकर पंचायत वर समीक्षा किया. समीक्षा के दौरान टारगेट के अनुसार कार्य नहीं करने वाले पंचायतों के कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र अपना अपना लक्ष्य पूर्ण करें. समीक्षा के दौरान प्रथम भुगतान होने के पश्चात अब तक कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों से संपर्क कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करवाने की बात कही. बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड में अब तक 1819 अबुआ आवास का इंट्री मनरेगा सॉफ्ट में हो चुका है, जिसमें बहुतो का मनरेगा सॉफ्ट में ओंन गोइंग हो चुका है. शेष बचे आवास को 24 घंटे के अंदर जियो टेग करते हुए ओंन गोइंग करने की हिदायत दी.

### असिस्टेंट गवर्नर रोटेरीयन मीटिंग में लिए कई निर्णय

बोकारो। बोकारो और चास के तीनों रोटरी क्लब, रोटरी बोकारो, रोटरी चास, रोटरी मिडटाउन कपल्स और रोटरी जिला 3250, ज़ोन 6 के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरीयन साजन कपूर की ओर से 2024-25 की ज़ोन मीटिंग का आयोजन किया गया. बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल जिला 3250 के डीजी 2024-25 बिपिन चाचान और क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजेश इंदर सिंह और डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फेसीलिटेटर पी.डी.जी संजीव ठाकुर अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित हुए. क्षेत्रीय अध्यक्षों और जिला 3250 टीम के सदस्यों को भी उनकी जिम्मेदारियों और उपेक्षित कार्य को पुरी लगन और ईमानदारी से निभाने के लिए चर्चा हुई. रोटरी बोकारो के महेश गुप्ता, सचिव हरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप रे, रोटरी चास के विनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, धनेश बंका, बोकारो मिडटाउन कपल्स के रंजन गुप्ता, पुनीत जोहर, राजा सुभाष जैन के साथ इस कार्यक्रम में रोटरीयन पूजा तनेजा बैद, निरूपमा सिंह, चन्द्रिमा रे, अमिषा अग्रवाल, मिनी स्टीफन कपूर , संजय बैद, शिव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अनीष कुमार, राजा सलूजा, विपिन अग्रवाल ने कार्यक्रम में भाग लिया.

### सेवानिवृत कर्मचारियों को साझा की गई जानकारी

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जून 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से 12 जून को लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफ़र की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन सोनी कुमारी, महा प्रबंधक (एच आर - सेवाएँ) के नेतृत्व किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में प्रबंधक (एच आर - फाइनल सेटलमेंट) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया.

### कपिलो को आईएसओ ग्राम पंचायत बनाने की प्रकिया प्रारंभ

**बिरनी (गिरिडीह)।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार ने गिरिडीह जिला के ग्राम पंचायत कपिलो को आईएसओ ग्राम पंचायत बनाने के लिए चयन किया है . जिसके तहत आज ग्राम पंचायत सचिवालय में कपिलो में दिल्ली से आए हुए प्रशिक्षक अशोक त्यागी सहित उनके टीम ने प्रशिक्षण दिया और आईएसओ के मानकों को पूर्ण कर ग्राम पंचायत को सबसे पहले आईएसओ प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत बनाने के लिए मार्गदर्शन किया. इस दौरान मुखिया मुकेश यादव ने कहा कि पूरे झारखंड राज्य में पहला फेज में 31 ग्राम पंचायत को आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए चयन किया गया है, जिसमें कपिलो का भी नाम है और आए हुए प्रशिक्षकों के माध्यम से उनके कुशल मार्गदर्शन में हमारा ग्राम पंचायत सबसे पहले आईएसओ प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत बनेगा. स्थानीय मुखिया ने निदेशक निशा उरांव की कार्यशैली की भी जमकर सराहना किया. मौके पर ग्राम पंचायत कपिलो के सभी वार्ड सदस्य, पंचायत समिति कृति कुमारी, उपमुखिया इंदु देवी, पंचायत सचिव लक्ष्मण प्रसाद, ग्राम रोजगार सेवक मनोज रजक, सभी जलसहिया, स्वास्थ सहिया, सेविका एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे.

### कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विमल कृष्ण चौबे का निधन

**बोकारो।** कांग्रेस पार्टी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष व स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे के पुत्र कसमार प्रखंड के गर्री निवासी विमल कृष्ण चौबे का निधन बुधवार को रिम्स रांची में इलाज के दौरान हो गया. वे कुछ दिनों से लीवर की समस्या से ग्रसित थे. उनका इलाज रिम्स रांची में चल रहा था. वे जन्मजात कांग्रेसी थे एवं पिछले लगभग दो दशक से कांग्रेस पार्टी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहकर सेवा कार्य में जुटे हुए थे. उनके निधन की सूचना के बाद पूरे कसमार क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी.

# सिक्युरिटी गार्ड हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

## तीन दिनों में पुलिस को मिली सफलता : एसपी

**खास बातें**

- 9 जून को अपराधियों ने सिक्युरिटी गार्ड को पीटा था
- हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने किया था टीम का गठन
- रांची में ईलाज के दौरान हुई थी मौत

संवाददाता। गिरिडीह

सीसीएल के सिक्युरिटी गार्ड हत्याकांड में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. यह जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बुधवार को दी. उन्होंने बताया कि 9 जून को सीसीएल डीएवी स्कूल से बनियाडीह जाने वाले रास्ते में सोलर प्लांट के पास 8-10 की संख्या में अपराधियों ने सिक्युरिटी गार्ड रिंकू कुमार की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की थी. उसे मरा समझकर बीच सड़क पर छोड़कर भाग गए थे. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल गार्ड को गंभीर स्थिति में अस्पताल भेजा, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया. इसी दौरान उसकी मौत हो गई. एसपी ने बताया कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया.

टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोपा निवासी उमेश दास, भीम कुमार दास और महथाडीह निवासी महेंद्र दास शामिल हैं. उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी, डंडा और धारदार हथियार बरामद कर लिया है.छापेमारी दल में मुफस्सिल थाना प्रभारी किशोर महतो, पचंबा थाना प्रभारी मंटू कुमार, जवान रंजय कुमार, सत्येंद्र कुमार पाल, विनय यादव, चंदन तिवारी और राहुल सिंह शामिल थे.

# तालाबों का अस्तित्व मिटाने में जुटे भू-माफिया



- जमीन समतल कर मनमाने दर पर बेच रहे

संवाददाता। साहिबगंज

राजमहल अंचल क्षेत्र में प्रशासन की मिली भगत से तालाब की भराई जोर शोर से हो रही है. जिसके कारण तालाब का अस्तित्व खतरे में है. आने वाले दिनों में बूंद-बूंद पानी के लिए शहर एवं गांववासी तरसेंगे. भू माफिया कई तालाब को पूर्णतः भरकर समतल कर दिया है, जिसे भू-माफिया मनमाने दर पर बेच रहे हैं.

> आपके माध्यम से खबर मिला है. इसके लिए जांच का आदेश दे दिया गया है, यदि मामला सही पाया गया तो कार्रवाई की जायेगी.
>
> उदय कुमार सिन्हा
> प्रखंड विकास पदाधिकारी

### सरकारी पैसों की हो रही है बंदरबांट

राजमहल अंचल क्षेत्र के प्राणपुर पंचायत के कोयलाबाजार में एक मामला प्रकाश में आया है. जिस दाग नं0216 में योजना संख्या- 02/13-14 (3413006017) एफपी/708080501 राजन सिंह के पोखर में सड़क बचाव गार्डवाल निर्माण सरकारी योजना से बनवाया गया था एवं दाग नं0 218 योजना संख्या- 08/15-16 (3413006017/डब्ल्यूएच/1011122576) नईमुद्दीन शेख के पोखार का जीर्णोद्धार दाग नं0- 216, 218 में दोनों योजना में प्राक्कलित राशि 2,39,500/- एवं 2,17,218/- रुपया के तहत किया गया. सरकारी मद (योजना ) से पोखर का जीर्णोद्धार किया गया. अब उस दाग नं0 पर ना कोई गार्डवाल है और न कोई पोखर. सूत्रों की मानें तो कुछ जमीन के भू माफियों के द्वारा मोटी रकम संलग्न अधिकारी को देकर तालाब में मिट्टी भरवाकर समतलीकरण कर उस जमीन को मोटी रकम में बेची जा रही है. पर जिम्मेवार अधिकारी-कर्मचारी बेखबर हैं . इस मामले में स्थानीय लोगों से जो सूचनाएं मिल रही है, उससे स्पष्ट होता है कि कर्मचारियों की मिलीभगत से ही नदी-तालाबों का अतिक्रमण किया जा रहा है और उन्हें भरकर कर बेचा जा रहा है.

**समस्या** आवेदन देने के बाद भी नहीं लगा ट्रांसफर्मर, भीषण गर्मी से लोग परेशान

# रतनगडुरा में ट्रांसफर्मर जला, दो माह से बिजली गुल

**खास बातें**

- लालटेन, मोमबती जला कर कर रहे हैं गुजारा
- रात में गर्मी से लोगों का जीना हुआ मुश्किल

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)



इस प्रचण्ड गर्मी और लू के प्रकोप से जहां लोग अपने घरों में पंखे, कूलर व ऐसी के सहारे सुकून तलाश रहे हैं, वहीं विधुत विभाग की लचर व्यवस्था के कारण कई लोग बेहाल हैं. तिसरी प्रखंड अंतर्गत तिसरी पंचायत के रतनगडुरा गांव में बिजली का ट्रांसफर्मर जल जाने के कारण बीते दो माह से इस गांव में बिजली नहीं है. नतीजतन यहां रहने वाले लोग इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी से जूझ रहें हैं . दिन भर के धुप और तपन को झेलने के बाद रात में इमरजेंसी लाईट, लालटेन, मोमबत्ती आदि जलाकर अंधेरा भगाने का प्रयास कर रहे हैं.

इस संबंध में ग्रामीण दामोदर यादव ने बताया कि बीते दो माह पहले ही गांव में लगा ट्रांसफर्मर जल चुका है. एक माह पूर्व विधुत विभाग को आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक विभाग की ओर से दूसरा ट्रांसफर्मर नहीं लगवाया गया है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है. जिसके कारण यहां के लोगों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रात में बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने में भी कठिनाई हो रही है. उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मियों का कहना है कि गिरिडीह से ट्रांसफर्मर आने पर लगवा दिया जायेगा. वहीं ग्रामीण बासदेव यादव ने बताया कि बीते दो माह पहले ही गांव स्थित ट्रांसफर्मर जल गया है. विभाग को 7 मई को आवेदन भी दिया गया लेकिन अब तक ट्रांसफर्मर नहीं लगवाया गया है.

बता दें कि रतनगडुरा गांव में लगभग 300 की आबादी है. दो माह से बिजली नहीं रहने के कारण यहां के लोग गर्मी से तो परेशान हैं ही बल्कि रात के वक्त रोशनी का भी जुगाड़ करनी पड़ती है.

वहीं तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव ने भी विधुत विभाग से उक्त गांव में जल्द ट्रांसफर्मर लगाने की अपील की है. इस संबंध में विधुत विभाग के एसडीओ विनोद रजक से फोन पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि जेई को बोलकर मामले को दिखवा लेते हैं.

### घर में घुसा अनियंत्रित टोटो, यात्री घायल

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** टोटो चालको की लापरवाही फिर से सामने आई है. इस बार टोटो चालक ने एक घर में ही टक्कर मार दी, जिससे गृहस्वामी को काफी नुकसान हुआ है. घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बहादुरपुर-चक्रदाहा मुख्य मार्ग की है. बताते हैं कि उक्त मार्ग पर बुधवार दोपहर को तेज रफ्तार से जा रही एक टोटो ने हाडोडीह के उमाशंकर गुप्ता के घर में घुसा दिया, जिससे टोटो में सवार यात्री को काफी चोट आई. जबकि एक यात्री का पैर टूट गया. वहीं गृहस्वामी का घर का छप्पर, मुख्य दरवाजा समेत काफी नुकसान हो गया. इधर घटना को अंजाम देने के बाद टोटो चालक टोटो छोड़ कर फरार हो गया. टोटो धरतीशरण गांव का है. जबकि चालक सिकंदर अंसारी बताया जा रहा है. वहीं घटना की सूचना थाना को नहीं दी गयी है. जबकि गांव के लोग मामले को रफा-दफा करने में लगे हुए हैं. इधर चालक के पिता आने के बाद मामला को निष्पादन कर लिया गया.

बड़कागांव और केरेडारी में हुआ भव्य स्वागत, मां अष्टभुजी मंदिर और पेटो माता स्थान में पूजा -अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की

# हजारीबाग लोस क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने शुरू की धन्यवाद यात्रा

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े सदर विधायक मनीष जायसवाल को जनता ने प्रचंड जनादेश देकर सांसद बनाया. नवनिर्वाचित सांसद ने बुधवार को धन्यवाद यात्रा की शुरुआत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड से की. इससे पूर्व उन्होंने मां अष्टभुजी मंदिर और पेटो माता स्थान में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के कंडाबेर, पेटो और केरेडारी चौक पर जायसवाल का स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर और अंग-वस्त्र भेंटकर भव्य स्वागत किया. बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के लंगातु, विश्रामपुर, हरली, बादम में भी उनका शानदार स्वागत स्थानीय लोगों ने गाजे-बाजे के साथ किया.

**मौके पर ये गणमान्य लोग रहे मौजूद :** मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जय नारायण प्रसाद, सत्येंद्र नारायण सिंह, बालेश्वर कुमार, राधेश्यम अग्रवाल, मूलचंद साहू, आदित्य साहू, खेमलाल महतो, कर्मचारी साव, बद्री नारायण सिंह, नरेश महतो, बैजनाथ साहू, अमित गुप्ता, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, श्रीकांत निराला, मेवा ठाकुर, किशोर राणा, सुमन गिरी, बैजनाथ तिवारी, शेर सिंह, बालेश्वर महतो, प्रो कीर्ति नाथ महतो, प्रोफेसर निरंजन महतो, बाल गोविंद सोनी, बेचन साहू, महेश पाठक, लीलाधर साहू, विजय वर्मा, इंद्र पंडित, राजेश गुप्ता, राजू साव, राजेंद्र सिंह, किशोर कुमार, बैजनाथ तिवारी, नकुल साव, नरसिंह प्रसाद, पारसनाथ प्रसाद, रणजीत मेहता, आनंद शाहा, भीखन महतो, कृष्ण गुप्ता, नरेश साव, इंद्र भूषण, संजीव मिश्रा, वीरेंद्र शर्मा, रविंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, दुर्गेश जी, संजय ठाकुर, रीना देवी, एसके चौधरी, रीमा सिंह, संजय भोक्ता, राजेश महतो, अनुज कुमार यादव, रंजन चौधरी आदि मौजूद रहे.


हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ.

### विस्थापन से जुड़ी समस्या के उचित समाधान की दिशा में कार्य करूंगा

जायसवाल ने अपनी आभार यात्रा पर के पहले दिन बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी बड़कागांव, उरीमारी और पिपरवार में जनता का आभार जताया .वे कई जगहों पर स्थानीय लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए . जायसवाल ने कहा कि बतौर विधायक 10 वर्षों तक जिस प्रकार अपने विधानसभा क्षेत्र में सहजता से लोगों के बीच उपलब्ध रहा, ठीक उसी प्रकार बतौर सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए सहजता से उनके बीच उपलब्ध रहूंगा . जनहित से जुड़े हर छोटे बड़े कार्यों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का प्रयत्न करूंगा . कर्णपुरा क्षेत्र और कोयलांचल क्षेत्र में लोगों की समस्या सुनने के बाद उन्होंने कहा कि मैं भी एक विस्थापित परिवार से आता हूं और विस्थापन के दर्द को बखूबी समझता हूं . विस्थापन की समस्या के सकारात्मक और उचित समाधान की दिशा में हरसंभव कार्य करूंगा .

### पिपरवार में गूंजा सांसद मनीष और प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद का नारा

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित पिपरवार भाजपा मंडल में जायसवाल का पदार्पण हुआ तो यहां फूलों से सजी आरती की थाल के संग महिलाओं ने तिलक- चंदन लगाकर स्वागत किया . इस दौरान मांदर की थाप पर लोग झूम रहे थे . देखते ही देखते कोयलांचल की धरती एनडीए गठबंधन जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद और मनीष जायसवाल जिंदाबाद के नारे से गुंजायमान हो उठा . जायसवाल ने यहां ग्राम कारो के प्राचीन शिव मंदिर में माथा टेका और फिर पिपरवार और बचारा में लोगों ने फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभूतपूर्व स्वागत किया . इस दौरान विशेषरूप से सिमरिया विधायक सह भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसून कुमार दास और उनके पुत्र पंकज कुमार भी साथ रहे .

## ब्रीफ खबरें

### सपही तालाब में मिला दो वर्ष के बच्चे का शव

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही स्थित तालाब से दो वर्षीय बच्चे का शव मिला. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है. स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक बच्चे का नाम आकाश आइंद (02) था. वह मंगलवार की शाम घर के बाहर खेलते हुए नलवा स्कूल के पीछे स्थित तालाब की तरफ चला गया था. संभवतः इसी दौरान पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया होगा. बच्चे के घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी खोजबीन करने लगे. इसके बाद बुधवार को उसका शव तालाब में मिला.

### बाइक सवार की ट्रैक्टर की टक्कर से हुई मौत

**विष्णुगढ़।** थाना क्षेत्र की खरकी पंचायत के डुबका निवासी रतिराम किस्कू (35)की मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी. घटना विष्णुगढ़ - गोमिया सड़क पर गरहमुर्गी के पास घटी है. मृतक विष्णुगढ़ से घर लौट रहा था. इसी बीच सड़क के एक मोड़ पर उसकी बाइक सामने से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर से भिड़ गई. इस टक्कर में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया. हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया. उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस से उसे हजारीबाग भेजने की तैयारी चल ही रही थी कि इसी बीच उसने दम तोड़ दिया.

पुलिस ने कोडरमा के चंदवारा थाने क्षेत्र से तीन ट्रैक्टर बरामद किये

# ट्रैक्टर चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश, चार आरोपी धरे

संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार सदस्यों को हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह का सरगना राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार (32), नागदा मल्हार (22), शनिचरवा मल्हार (29) और पिंटू मल्हार (30) शामिल हैं. सभी वर्तमान में हजारीबाग के सिंदूर में रह रहे थे.

पुलिस ने छानबीन करते हुए कोडरमा के चंदवारा थाने क्षेत्र से तीन ट्रैक्टर भी बरामद किये, जबकि आरोपियों के पास से एक बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए. मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बताया कि विगत कुछ माह से रामगढ़ जिले में ट्रैक्टर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं. इसको लेकर विभिन्न थानों और ओपी में कांड दर्ज किए गए हैं. इधर, चोरी की घटना को देखते हुए एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया.

मामले का अनुसंधान करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कोर्रा थाना हजारीबाग में रह रहे ट्रैक्टर चोर गिरोह के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया. चारों अभियुक्तों से शक्ति से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि चारों विगत 6 माह से गिरोह के सरगना राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार के साथ मिलकर रामगढ़ और हजारीबाग जिलों में ट्रैक्टर चोरी करते थे और कोडरमा जिला के चंदवारा में बेच देते थे. गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चंदवारा थाना कोडरमा के अंतर्गत अशोक यादव के घर से एक ट्रैक्टर, रंजीत के घर से एक ट्रैक्टर, विक्की सिंह के क्रेशर से एक ट्रैक्टर बरामद किया गया. फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी और ट्रैक्टरों की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी है.

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पहले से ही कई थानों में कांड दर्ज हैं. गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि पिंटू मल्हार पूर्व में भी ट्रैक्टर चोरी के कांड में जागेश्वर विहार, बोकारो थाने से जेल जा चुका है.


ट्रैक्टर चोर गिरोह का पर्दाफाश करने के बाद बुधवार को पत्रकारों से मुखातिब पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार.

**खास बातें**

- एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी बरामद
- पूर्व में भी ट्रैक्टर चोरी के कांड में जेल जा चुका है एक आरोपी


रामगढ़ पुलिस द्वारा बरामद किए गए चोरी के ट्रैक्टर.

गर्री कलां पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

# विस चुनाव की तैयारी पर की चर्चा

संवाददाता। केरेडारी

प्रखंड की गर्री कलां पंचायत में बुधवार को कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया हितनारायण साव एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता ने की. अंकित राज ने कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन सभी कार्यकर्ताओं को एक जगह करने के लिए किया जा रहा है. आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी कैसे करनी है इसका दिशा निर्देश उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिया. आज के बाद पंचायत में जो भी कार्य होगा, सड़क पीसीसी, नाली, पेयजल, चापानल जैसी कई योजनाओं पर विधायक मद से काम कराया जाएगा. वहीं इस कार्यक्रम में पंचायत स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए गर्री कलां पंचायत मुखिया हितनारायण साव, उपाध्यक्ष रेहान फजल, सचिव मोहम्मद बेलाल, उपसचिव अनमोल पासवान, कोषाध्यक्ष तौकीर हुसैन, उप कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार राम, मीडिया प्रभारी पवन गंझू को बनाया गया. इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, गर्री कलां मुखिया हितनरायण साव, कंडाबेर मुखिया दिनेश साव, मंडल अध्यक्ष सलामत अंसारी, मुबारक हुसैन, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष दिलीप गोस्वामी, कृष्णा राम, अकबर अली, मोहमद अख्तर केदार पासवान, अजय राम, मोहम्मद समसाद, संजय राम, विक्रम राम, राजू पासवान, मोहम्मद रियासत आदि उपस्थित थे.


केरेडारी प्रखंड की गर्री कलां पंचायत में हुआ कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन.

### बरकट्ठा पुलिस ने अवैध बालू लदे 6 ट्रैक्टर किए जब्त, प्राथमिकी भी दर्ज

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से बालू का उठाव का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है. अवैध रूप से बालू उठाव के इस मामले को देखते हुए बरकट्ठा पुलिस की छापेमारी दल ने बुधवार को अवैध रूप से बालू लदे छह ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया है. इस मामले में थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि छापेमारी में ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे. वहीं ट्रैक्टरों के मालिकों के खिलाफ धारा 101/24 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है.

## अधेड़ की हत्या के मामले में एक व्यक्ति पुलिस हिरासत में

संवाददाता। हजारीबाग

- दो दिन के अंदर मामले का किया जायेगा खुलासा : थाना प्रभारी

कटकमसांडी थाना क्षेत्र के गुरुडीह गांव में एक अधेड़ की हत्या के मामले में पुलिस एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, जबकि मृतक के छोटे भाई सुंदर मुंडा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. थाना प्रभारी देवदत कुमार सिंह ने कहा कि घटना के बाद पुलिस लगातार छानबीन में जुटी हुई है. दो दिन के अंदर हत्याकांड का खुलासा कर दिया जायेगा. बताया जाता है कि सोमवार की देर रात गुरुडीह गांव निवासी बाजी मुंडा (55) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी. मृतक बाजी मुंडा अपने पुराने घर गुरुडीह से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल के किनारे चौक पट्टी नामक जगह पर पाहीघर बनाकर रहता था. सोमवार की रात गुरुडीह में बाजी मुंडा के परिजनों के यहां पत्थलगड़ी का कार्यक्रम हो रहा था, जबकि बाजी मुंडा पाही पर अकेले था. बाद में परिजन चौक पट्टी पाही पर पहुंचे तो देखा तो हत्या कांड का खुलासा हुआ.

# पेपर लीक : युवाओं का सरकारों से विश्वास उठ रहा है : डॉ. मेहता

संवाददाता। हजारीबाग

भारत के सबसे विश्वसनीय मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा नीट के कथित पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है. वहीं उत्तर प्रदेश में यूपीपीएससी पेपर लीक, एमपी में मेडिकल एंट्रेंस व्यापम पेपर लीक घोटाला, पटवारी पेपर लीक घोटाला, बिहार में शिक्षक पेपर लीक घोटाला, झारखंड में 11वीं जेपीसी पेपर लीक, सीजीएल पेपर लीक होने के कारण अभ्यर्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबरें सुर्खियां बन रही हैं. इससे विद्यार्थियों का सरकार और परीक्षा प्रक्रिया से विश्वास उठ रहा है.

पेपर लीक करने वाले लोगों को कड़ी सजा देने में सरकार नाकाम नजर आ रही है. कहीं न कहीं केंद्र एवं राज्य सरकारें पेपर लीक घोटाले में शक के दायरे में आती हैं. ये बातें सदर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ. आरसी प्रसाद ने मटवारी स्थित अपने कार्यालय में कहीं. वहीं माइनॉरिटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि परीक्षा का पेपर लीक होने की घटना भारत की छवि धूमल करती है. वहीं जिला उपाध्यक्ष डॉ. दीपक बंधु ने कहा कि पेपर लीक होना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है. डॉ मेहता ने आगे कहा कि झारखंड के अलग होने के 24 वर्ष बाद भी झारखंड की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है. झारखंड में स्थानीय नीति लागू होनी चाहिए. आज झारखंड बाहरियों का चारागाह बना हुआ है.


पेपर लीक मामले को लेकर अपनी बात रखते कांग्रेस नेता.


## रेलवे ट्रैक पर मिला सिर कटा शव आत्महत्या या हत्या जांच हुई शुरू

- मृतक युवक की पहचान विष्णुपुरी निवासी अर्जुन ठाकुर के रूप में हुई

संवाददाता। हजारीबाग

रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को सुबह-सुबह दिल दहला देने वाला दृश्य दिखाई दिया. रेल पटरी पर एक सिर कटा युवक का शव प्लेटफार्म नंबर वन के अंतिम छोर पर देखा गया. इसकी खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई. देखते ही देखते आसपास के गांवों के काफी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पहुंच गए. लोगों के अनुसार युवक की उम्र तकरीबन 25 साल बताई जा रही थी. लोग इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या बता रहे थे.

रेलवे पुलिस और स्थानीय कटकमदाग थाना की पुलिस सारी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इसके बाद लगभग 4:00 बजे उक्त व्यक्ति की पहचान विष्णुपुरी निवासी अर्जुन कुमार ठाकुर के रूप में हुई. मृतक के पैकेट से कुछ रुपये बरामद हुए हैं. यह आत्महत्या है या हत्या पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है. कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन से बरामद शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है. शव की पहचान कर ली गई है. मामले की जांच भी की जा रही है.


रेलवे ट्रैक पर पड़ा युवक का शव.

एंबुलेंस संचालकों की शिकायत पर भाजपा नेता नगर आयुक्त से मिले

# पार्किंग शुल्क हटाने का आश्वासन

संवाददाता। हजारीबाग

सदर अस्पताल में बनी पार्किंग पिछले दो साल से विवादों के कारण सुर्खियों में है. मंगलवार को संचालकों ने अस्पताल कैंपस में एंबुलेंस खड़ी करने के लिए नगर निगम की आड़ में प्रति माह 1500 रुपये मांगने का आरोप लगाया था. ऐसा नहीं करने पर एंबुलेंस खड़ी नहीं करने देने धमकी भी दी जा रही थी.

इसको लेकर बुधवार को भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद सदर अस्पताल पहुंच कर एंबुलेंस संचालक एवं मरीज के परिजनों को परिसर में वाहन पार्क करने का शुल्क हटवाने का आश्वासन दिया. इसके बाद वह नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल से मुलाकात कर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में लगने वाले पार्किंग शुल्क को लेकर ज्ञापन सौंपा.

इस संबंध में प्रसाद ने बताया कि नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि संबंधित एजेंसी से तत्काल जांच के बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में खड़े होने वाले सभी वाहनों का शुल्क हटाने का काम किया जाएगा. प्रसाद ने कहा कि निजी एंबुलेंस संचालकों ने मंगलवार को कल कार्यालय आकर पार्किंग शुल्क के संदर्भ में जानकारी दी थी. इसके बाद हमने जनहित में नगर आयुक्त से बात की. उन्होंने पार्किंग शुल्क हटाने का आश्वासन दिया है. मौके पर मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश झा, सुरेंद्र सिंह, राजेश यादव, चंदन सिंह, राजा, भास्कर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.


नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद.

**कवायद** नैक मूल्यांकन के द्वितीय चक्र में पिछली बार की भांति 'बी' ग्रेड प्राप्त हुआ था विनोबा भावे विश्वविद्यालय को

# अगले नैक मूल्यांकन की तैयारी अभी से प्रारंभ करें : डॉ. सुकल्याण

संवाददाता। हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा एवं इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार ने बुधवार को कुलसचिव डॉ. मोहम्मद मोख्तार आलम से मिलकर अगले नैक मूल्यांकन की तैयारी प्रारंभ करने की बात कही.

उन्होंने कुलसचिव को बताया कि नैक का जो दल हाल ही में विश्वविद्यालय में निरीक्षण के लिए आया था उसमें शामिल सदस्यों ने विश्वविद्यालय की प्रशंसा की थी. उन लोगों ने यहां तक बताया था कि विश्वविद्यालय के पास सब कुछ है और विश्वविद्यालय 'ए प्लस प्लस' ग्रेड भी प्राप्त कर सकता है. इसी लक्ष्य को सामने रखकर अभी से तैयारी प्रारंभ करना श्रेयस्कर होगा. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन के द्वितीय चक्र में विश्वविद्यालय को पिछली बार की भांति 'बी' ग्रेड प्राप्त हुआ है. पिछली बार अंक 2.78 प्राप्त हुआ था और इस बार 2. 11 प्राप्त हुआ है. नैक में उसी संस्थान को अच्छा अंक प्राप्त होता है जो नियमित इसकी तैयारी करता है. अंतिम एक वर्ष में कितना भी जोर लगा लिया जाए वह अच्छा परिणाम नहीं दे सकता है.

**शिक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए जाए :** डॉ. मोइत्रा ने कुलसचिव को बताया कि पिछली बार के नैक मूल्यांकन के बाद हम लोग अन्य कार्यों में व्यस्त हो गए और नैक की तैयारी उस प्रकार से नियमित नहीं हो पाई जिस तरह से होनी चाहिए थी. इस बार अभी से ही इसकी तैयारी के लिए काम प्रारंभ करना ठीक होगा. उन्होंने कुलसचिव से आग्रह किया कि इसके लिए सर्वप्रथम विश्वविद्यालय परिसर में सेवारत सभी शिक्षकों की एक बैठक आहूत करके शिक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए जाए. तत्पश्चात विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी एवं नैक स्टीयरिंग कमेटी का पुनर्गठन कर परिसर में कार्यरत सबसे योग्य लोगों को इस कार्य का दायित्व अभी से दिया जाए ताकि समय पर तैयारी पूरी हो सके.


विनोबा भावे विवि फाइल फोटो

### तैयारी की समीक्षा भी होनी चाहिए

इस अवसर पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ . विकास कुमार ने कहा कि पिछले नैक मूल्यांकन की तैयारी की समीक्षा भी होनी चाहिए . इससे हमें यह पता चलेगा कि हमसे कहां-कहां चूक हुई . यह समीक्षा किसी की गलती पकड़ने के लिए नहीं बल्कि आने वाले तैयारी में गलतियों की पुनरावृत्ति से बचने के उद्देश्य से किया जाए . कुलसचिव डॉ . आलम ने दोनों विभागाध्यक्षों की बात को गंभीरता से सुना एवं आश्वासन दिया कि वह यथाशीघ्र इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति से परामर्श करके पहल करेंगे .

### विभावि के शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक का सम्मान

**हजारीबाग ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉ . केके गुप्ता के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने की खुशी में विभाग की ओर से बुधवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया . इस अवसर पर विभाग के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उन्हें शॉल, अंग वस्त्र, एवं पुष्पगुच्छ प्रदान करके बधाई एवं शुभकामनाएं दी . इस मौके पर विभाग के सभी सदस्यों ने निदेशक की कार्यशैली और सकारात्मक सोच एवं कर्मठता की भूरी भूरी प्रशंसा की .

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

## 'चरित्र निर्माण करती है शिक्षा'


स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति संगठन द्वारा सम्मानित प्रतिभाशाली बच्चे.

संवाददाता। चौपारण

स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति संगठन की ओर से टॉउन हॉल में बुधवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में खंड के दसवीं और बारहवीं में उत्तीर्ण लगभग 150 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बरही के डीएसपी सुरजीत कुमार, संगठन अध्यक्ष सुनील साहू, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सुधीर कौशल, मुखिया रेखा देवी, सचिव गोपाल राणा, मुनेश्वर साव, रंजीत चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया. अपने संबोधन में डीएसपी ने कहा कि शिक्षा से केवल नौकरी प्राप्त नहीं होती. शिक्षा का सबसे बड़ा उद्देश्य व्यक्ति का चरित्र निर्माण करना होता है.

